

Current Affairs

+

Important Static GK

कल का सवाल

Q. अंकियानाट कहाँ का लोकनृत्य है?

Answer: असम का

Current Affairs Revision

(24 October 2024)

Q. 1: हाल ही में लुओंग कुओंग किस देश के राष्ट्रपति बने हैं? Recently, Luong Cuong has become the President of which country?

a. मलेशिया

b. कंबोडिया

c. वियतनाम

d. थाईलैंड

Answer: c. वियतनाम

हाल ही में लुओंग कुओंग (Luong Cuong) को वियतनाम के नए राष्ट्रपति के रूप में चुना गया है।

वे वियतनाम की कम्युनिस्ट पार्टी के सदस्य हैं।

राजधानी - हनोई

Q. 2: हाल ही में चर्चा में रहे ऑस्कर तूफान का सम्बन्ध किस से है? Recently, Hurricane Oscar, which was in the news, is related to what?

a. प्रशांत महासागर

b. हिंद महासागर

c. अटलांटिक महासागर

d. आर्कटिक महासागर

Answer: c. अटलांटिक महासागर

ऑस्कर तूफान सिर्फ एक उष्णकटिबंधीय तूफान था हालाँकि वह दक्षिणपूर्वी बहामास (southeastern Bahamas) के पास श्रेणी 1 का तूफान बन गया है

Q. 3: हाल ही में, भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL) ने "कनेक्टिंग इंडिया" स्लोगन का नाम बदलकर क्या रखा है? Recently, Bharat Sanchar Nigam Limited (BSNL) has changed the name of "Connecting India" slogan to what?

a. कनेक्टिंग भारत

b. डिजिटल भारत

c. भारत कनेक्ट

d. आपका नेटवर्क, आपकी सेवा

Answer: a. कनेक्टिंग भारत

हाल ही में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया ने भारत संचार निगम लिमिटेड (Bharat Sanchar Nigam Limited - BSNL) के नए लोगो (logo) और स्लोगन (Slogan) तथा सात नागरिक केंद्रित सेवाओं (Customer Centric Services) का शुभारंभ किया।

BSNL ने अपना स्लोगन "कनेक्टिंग इंडिया" (Connecting India) से बदलकर "कनेक्टिंग भारत - सुरक्षित, किफायती और विश्वसनीय तरीके से" (Connecting Bharat - Securely, Affordably and Reliably) कर दिया गया है

भारत के हर कोने में सुरक्षित, किफायती और विश्वसनीय कनेक्टिविटी प्रदान करने के लिए BSNL ने सात नई पहल शुरू की हैं

Q. 4: हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की वास्तविक जीडीपी वृद्धि दर कितने प्रतिशत रहने की संभावना है? Recently, according to the Reserve Bank of India, what is the percentage of India's real GDP growth rate likely to be in the financial year 2024-25?

a. 6.8%

b. 7.0%

c. 7.2%

d. 6.5%

Answer: c. 7.2%

भारतीय रिजर्व बैंक (Reserve Bank of India) के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की वास्तविक सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर (Gross Domestic Product (GDP) Growth Rate) 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है

वित्त वर्ष 2024-25 में मुद्रास्फीति (inflation) औसतन 4.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

Q. 5: हाल ही में, आपातकालीन बिजली बहाली सेवाओं को सुचारू बनाने के लिए 'पावर एम्बुलेंस' का शुभारंभ कहाँ किया गया? Recently, where was the 'Power Ambulance' launched to streamline emergency power restoration services?

a. कर्नाटक

b. तमिलनाडु

c. आंध्र प्रदेश

d. तेलंगाना



Answer: d. तेलंगाना

हाल ही में, तेलंगाना सरकार ने आपातकालीन बिजली बहाली सेवाओं (Emergency Power Restoration Services) को सुचारू बनाने के लिए 'पावर एम्बुलेंस' (Power Ambulance) का शुभारंभ किया है।

इनका संचालन ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (Greater Hyderabad Municipal Corporation) की सीमा में किया जाएगा

उद्देश्य: शहर भर में बिजली आपूर्ति में किसी भी रुकावट के दौरान तत्काल प्रतिक्रिया और बिजली की बहाली सुनिश्चित करना

Q. 6: हाल ही में इलेक्ट्रॉनिकी एवं आईटी मंत्रालय ने स्वदेशी ईवी प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने के लिए किस मंत्रालय के साथ मिलकर संयुक्त पहल की घोषणा की? Recently, Ministry of Electronics and IT along with which ministry announced a joint initiative to promote indigenous EV technologies?

a. वित्त मंत्रालय

b. सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

c. विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय

d. भारी उद्योग मंत्रालय

Answer: d. भारी उद्योग मंत्रालय

हाल ही में इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय (Ministry of Electronics and Information Technology - MeitY) ने भारी उद्योग मंत्रालय (Ministry of Heavy Industries - MHI) के साथ मिलकर इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) सब-सिस्टम के विकास के लिए MeitY-MHI संयुक्त पहल (MeitY-MHI joint call) की घोषणा की

उद्देश्य: स्वदेशी ईवी प्रौद्योगिकियों (Indigenous EV Technologies) को बढ़ावा देना, भारत के ईवी इकोसिस्टम (EV Ecosystem) को मजबूत करना और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी (Electric Mobility) में आत्मनिर्भर भारत को बढ़ावा देना

Q. 7: हाल ही में कालिदास सम्मान पुरस्कार 2023 से किसे सम्मानित किया गया? Recently, who was awarded the Kalidas Samman Award 2023?

a. शंकर महादेवन

b. रघुपति भट्ट

c. अमिताभ बच्चन

d. अनुपम खेर

Answer: b. रघुपति भट्ट

हाल ही में मध्य प्रदेश के कलाकार रघुपति भट को चित्रकला के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए प्रतिष्ठित कालिदास सम्मान पुरस्कार 2023 (Kalidas Samman 2023) से सम्मानित किया गया

यह पुरस्कार मध्य प्रदेश सरकार द्वारा दिया जाता है

इस पुरस्कार में 5 लाख रुपये की नकद राशि और प्रशस्ति पत्र (citation) दिया जाता है

Q. 8: 18वें प्रवासी भारतीय दिवस का आयोजन कहाँ किया जाएगा? Where will the 18th Pravasi Bharatiya Divas be organized?

a. गुजरात

b. केरल

c. ओडिशा

d. उत्तर प्रदेश

Answer: c. ओडिशा

जनवरी 2025 में तीन दिवसीय सम्मेलन 18वें प्रवासी भारतीय दिवस (18th Pravasi Bharatiya Divas) का आयोजन भुवनेश्वर, ओडिशा में किया जाएगा

यह कार्यक्रम ओडिशा सरकार और विदेश मंत्रालय (Government of Odisha and Ministry of External Affairs) द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया जाएगा।

प्रवासी भारतीय दिवस 9 जनवरी 1915 को महात्मा गांधी के दक्षिण अफ्रीका से मुंबई आगमन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है।

देश के विकास में प्रवासी भारतीय समुदाय (Overseas Indian community) के योगदान को सम्मानित करने के लिए इसकी शुरुआत 2003 में की गई थी

हालाँकि इसे 2015 से हर दो साल में आयोजित किया जाता है

Q. 9: हाल ही में, संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता सम्मेलन COP16 का आयोजन कहाँ किया जा रहा है? Recently, where is the United Nations Biodiversity Conference COP16 being organized?

a. ब्राजील

b. मेक्सिको

c. कोलंबिया

d. अर्जेंटीना

Answer: c. कोलंबिया



21 अक्टूबर से 1 नवंबर 2024 तक कैली, कोलंबिया (Cali, Colombia) में संयुक्त राष्ट्र जैव विविधता सम्मेलन COP16 (UN Biodiversity Conference COP16) का आयोजन किया जा रहा है

उद्देश्य: अन्तरराष्ट्रीय सहयोग (International cooperation) को बढ़ावा देना, पारिस्थितिकी तंत्रों (Ecosystems) की रक्षा करने के लिए निवेश पर सहमत होना, और वैश्विक पर्यावरणीय नीतियों (global environmental policies) को मज़बूती देना

यह सम्मेलन हर दो साल में आयोजित किया जाता है

COP16 सम्मेलन में तेज़ी से क्षरण (erosion) का शिकार हो रही भूमि, सागरों को बहाल करने के उपायों पर चर्चा की जायेगी

इस प्रक्रिया में आदिवासी लोगों व स्थानीय समुदायों के अधिकारों का सम्मान करने पर भी बल दिया जाएगा

Q. 10: हाल ही में, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने किस देश को आधिकारिक रूप से मलेरिया मुक्त घोषित किया है? Recently, which country has been officially declared malaria free by the World Health Organization?

a. भारत

b. मिस्र

c. श्रीलंका

d. दक्षिण अफ्रीका

Answer: b. मिस्र

Q. 11: हाल ही में, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) वृद्धि दर कितने प्रतिशत रहने की संभावना है? Recently, according to the International Monetary Fund, what is the likely percentage of India's GDP growth rate in the financial year 2024-25?

a. 6.5%

b. 6.8%

c. 7%

d. 7.5%

Answer: c. 7%

हाल ही में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (International Monetary Fund) ने वित्त वर्ष 2024-25 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (GDP) की वृद्धि दर (Gross Domestic Product (GDP) Growth Rate) 7% पर बरकरार रखी है।

वित्त वर्ष 2025-26 के लिए आर्थिक वृद्धि दर (Economic Growth Rate) के अनुमान को 6.5% पर रखा है।

Current Affairs
(26 October 2024)

Q. 1: 'हाल ही में, पंचायती राज मंत्रालय ने ग्राम पंचायत स्तर पर मौसम की जानकारी के लिए किस पहल की शुरुआत की? 'Recently, the Ministry of Panchayati Raj launched which initiative for weather information at the Gram Panchayat level?

a. ग्रामीण मौसम सेवा

b. पंचायत मौसम प्रबंधन

c. ग्राम पंचायत-स्तरीय मौसम पूर्वानुमान पहल

d. स्थानीय जलवायु सूचना सेवा

Answer: c. ग्राम पंचायत-स्तरीय मौसम पूर्वानुमान पहल

हाल ही में केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह (Union Minister of Panchayati Raj, Shri Rajiv Ranjan Singh) ने नई दिल्ली में "ग्राम पंचायत-स्तरीय मौसम पूर्वानुमान" पहल (Gram Panchayat-Level Weather Forecasting initiative) का शुभारंभ किया

इस पहल को पंचायती राज मंत्रालय (Ministry of Panchayati Raj) ने भारत मौसम विज्ञान विभाग (India Meteorological Department - IMD) और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (Ministry of Earth Sciences - MoES) के सहयोग से शुरू किया गया है

Q. 2: हाल ही में समुद्री अभ्यास SIMBEX के 31वें संस्करण का आयोजन कहाँ किया जा रहा है? Recently, where is the 31st edition of maritime exercise SIMBEX being organized?

a. चेन्नई

b. कोच्चि

c. विशाखापत्तनम

d. मुंबई

Answer: c. विशाखापत्तनम

हाल ही में 23 से 29 अक्टूबर 2024 तक सिंगापुर भारत समुद्री द्विपक्षीय अभ्यास (SINGAPORE INDIA MARITIME BILATERAL EXERCISE -



SIMBEX) के 31वें संस्करण का आयोजन पूर्वी नौसेना कमान, विशाखापत्तनम (Eastern Naval Command, Visakhapatnam) में किया जा रहा है

उद्देश्य: भारत और सिंगापुर के बीच रणनीतिक साझेदारी (Strategic Partnership) को और मजबूत करना

Q. 3: हाल ही में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने सामुदायिक रेडियो स्टेशन स्थापित करने के लिए सब्सिडी 10 लाख से बढ़ाकर कितने लाख रुपये कर दी है? Recently, the Union Ministry of Information and Broadcasting has increased the subsidy for setting up community radio stations from Rs 10 lakh to how many lakhs?

a. 12 लाख रुपये

b. 14.5 लाख रुपये

c. 15.60 लाख रुपये

d. 18 लाख रुपये

Answer: c. 15.60 लाख रुपये

हाल ही में केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (Union Ministry of Information and Broadcasting) ने सामुदायिक रेडियो स्टेशन (Community Radio Stations - CRS) स्थापित करने के लिए सब्सिडी 10 लाख से बढ़ाकर 15.60 लाख रुपये कर दी है

यदि CRS की अगुवाई महिलाओं द्वारा की जाती है या कोई CRS अपने संचालन कार्य में हरित ऊर्जा का उपयोग करता है तो सब्सिडी राशि 18 लाख रुपये तक कर दी गयी है।

CRS हरित ऊर्जा के उपयोग के साथ उनका संचालन महिलाओं द्वारा किया जाता है तो उनके लिए सब्सिडी 21 लाख रुपये निर्धारित की गयी है।

सामुदायिक रेडियो स्टेशन कम शक्ति वाले FM रेडियो स्टेशन होते हैं जिनका कवरेज क्षेत्र लगभग 10-15 किलोमीटर का दायरा होता है

Q. 4: हाल ही में दिवंगत हुए रॉन एली का संबंध किससे है? Recently deceased Ron Ely is related to?

a. संगीतकार

b. अभिनेता

c. लेखक

d. फिल्म निर्देशक

Answer: b. अभिनेता

अमेरिकी टीवी सीरीज 'टार्जन' (Tarzan) में मुख्य भूमिका निभाने वाले दिग्गज अभिनेता रॉन एली (Ron Ely) का हाल ही में निधन हो गया है

Q. 5: हाल ही में, किस क्रिकेट टीम ने T-20 इंटरनेशनल मैच में सबसे बड़े स्कोर का विश्व रिकॉर्ड बनाया है? Recently, which cricket team has made the world record for the highest score in a T-20 International match?

a. भारत

b. जिम्बाब्वे

c. ऑस्ट्रेलिया

d. इंग्लैंड

Answer: b. जिम्बाब्वे

हाल ही में 23 अक्टूबर को जिम्बाब्वे की क्रिकेट टीम ने गाम्बिया (Gambia) के खिलाफ 20 ओवर में 4 विकेट पर 344 रन बनाकर T-20 इंटरनेशनल मैच में सबसे बड़े स्कोर का विश्व रिकॉर्ड बनाया है

यह मैच T-20 वर्ल्ड कप क्वालिफायर्स (T-20 World Cup qualifiers) के तहत खेला गया।

यह रिकॉर्ड पहले नेपाल के नाम था जिसने मंगोलिया के खिलाफ 314 रन बनाए थे

जिम्बाब्वे के बल्लेबाजों ने 27 छक्के लगाकर T-20 इंटरनेशनल मैच की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने का विश्व रिकॉर्ड भी अपने नाम किया

उन्होंने नेपाल का एक पारी में 26 छक्के का वर्ल्ड रिकॉर्ड तोडा है

Q. 6: हाल ही में ICC विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज कौन बने हैं? Recently, who has become the highest wicket-taker in the ICC World Test Championship (WTC)?

a. जसप्रीत बुमराह

b. रविचंद्रन अश्विन

c. पट कमिन्स

d. मोहम्मद शमी

Answer: b. रविचंद्रन अश्विन

हाल ही में भारतीय स्पिनर रविचंद्रन अश्विन 39 टेस्ट मैचों में 189 विकेट के साथ ICC विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (ICC World Test Championship - WTC) में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बन गए हैं।



आर अश्विन ने ऑस्ट्रेलियाई खिलाडी नाथन लियोन (Australian player Nathan Lyon) के 43 टेस्ट मैचों में 187 विकेट का रिकॉर्ड तोडा है

Q. 7: हाल ही में किस अभिनेता को महात्मा गांधी नेतृत्व पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया है? Recently, which actor has been awarded the Mahatma Gandhi Leadership Award 2024?

a. रणवीर सिंह
b. नवाजुद्दीन सिद्दीकी
c. दारासिंह खुराना
d. अजय देवगन

Answer: c. दारासिंह खुराना

हाल ही में भारतीय अभिनेता और परोपकारी दारासिंग खुराना को मानसिक स्वास्थ्य मुद्दों (mental health issues) के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 'राष्ट्रमंडल वर्ष के युवा चैंपियन' (Commonwealth Year of Youth Champion) के रूप में महात्मा गांधी नेतृत्व पुरस्कार (Mahatma Gandhi Leadership Award) से सम्मानित किया गया है

हाल ही में वह ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित ऑक्सफोर्ड यूनियन में आयोजित वैश्विक मानसिक स्वास्थ्य शिखर सम्मेलन-24 (Global Mental Health Summit 2024) में मुख्य वक्ता (keynote speaker) के रूप में शामिल हुए थे।

Q. 8: हाल ही में जर्मन नौसेना के साथ समुद्री साझेदारी अभ्यास (एमपीएक्स) में भारतीय नौसेना की ओर से किसने भाग लिया? Recently, who participated on behalf of the Indian Navy in the Maritime Partnership Exercise (MPX) with the German Navy?

a. आईएनएस अरिहंत
b. आईएनएस विक्रांत
c. आईएनएस दिल्ली
d. आईएनएस सतपुड़ा

Answer: c. आईएनएस दिल्ली

हाल ही में 21-23 अक्टूबर 24 तक बंगाल की खाड़ी, हिंद महासागर (Bay of Bengal, Indian Ocean) में भारतीय नौसेना (Indian Navy) ने जर्मन नौसेना (German Navy) के साथ समुद्री साझेदारी अभ्यास (Maritime Partnership Exercise - MPX) किया

इसमें भारतीय नौसेना के के पूर्वी बेड़े (Eastern Fleet) के विध्वंसक आईएनएस दिल्ली (INS Delhi) ने भाग लिया

Q. 9: हाल ही में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अंतरिक्ष स्टार्टअप्स को बढ़ावा देने के लिए कितने करोड़ रुपये के वेंचर कैपिटल फंड को मंजूरी दी है? Recently, the Union Cabinet has approved a venture capital fund of how many crore rupees to promote space startups?

a. 500 करोड़ रुपये
b. 1,000 करोड़ रुपये
c. 1,500 करोड़ रुपये
d. 2,000 करोड़ रुपये

Answer: b. 1,000 करोड़ रुपये

हाल केंद्रीय मंत्रिमंडल (Union Cabinet) ने अंतरिक्ष स्टार्टअप्स (Space Startups) को बढ़ावा देने के लिए 1,000 करोड़ रुपये के वेंचर कैपिटल फंड (Venture Capital Fund) को मंजूरी दी है

उद्देश्य - भारत की अंतरिक्ष अर्थव्यवस्था (Space Economy) को बढ़ावा देना

Q. 10: हाल ही में विश्व पोलियो दिवस 2024 कब मनाया गया? Recently, when was World Polio Day 2024 celebrated?

a. 21 अक्टूबर
b. 22 अक्टूबर
c. 23 अक्टूबर
d. 24 अक्टूबर

Answer: d. 24 अक्टूबर

उद्देश्य: पोलियो के बारे में जागरूकता बढ़ाना, पोलियो टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना और पोलियो उन्मूलन (eradicating polio) की दिशा में वैश्विक प्रयासों पर प्रकाश डालना

विश्व पोलियो दिवस की स्थापना 1988 में रोटरी इंटरनेशनल द्वारा डॉ. जोनास साल्क (Dr. Jonas Salk) के जन्म दिवस के सम्मान में की गई थी।

डॉ. जोनास साल्क ने पहला सुरक्षित और प्रभावी पोलियो टीका (Polio Vaccine) विकसित किया था।

Q. 11: हाल ही में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने भारत में AI कम्प्यूटिंग अवसंरचना और एक नवाचार केंद्र बनाने के लिए किस कंपनी के साथ समझौता किया है? Recently, Reliance Industries Limited has tied up with which company to



build AI computing infrastructure and an innovation hub in India?

a. गूगल

b. माइक्रोसॉफ्ट

c. एनवीडिया

d. अमेज़न

Answer: c. एनवीडिया

हाल ही में रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (Reliance Industries Limited) और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंप्यूटिंग (Artificial intelligence computing) में प्रमुख अमेरिकी कंपनी एनवीडिया (Nvidia) ने भारत में AI कम्प्यूटिंग अवसंरचना और एक नवाचार केंद्र (AI computing infrastructure and an innovation hub) बनाने के लिए समझौता किया है

उद्देश्य: भारत में एक मजबूत AI बुनियादी ढांचे का निर्माण करना

Q. 12: 55वें इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ इंडिया (IFFI) 2024 का आयोजन कहाँ किया जायेगा? Where will the 55th International Film Festival of India (IFFI) 2024 be held?

a. मुंबई

b. नई दिल्ली

c. चेन्नई

d. गोवा

Answer: d. गोवा

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने घोषणा की है कि 55वें भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव (55th International Film Festival of India - IFFI) 2024 का आयोजन 20 नवंबर से 28 नवंबर 2024 तक गोवा में किया जाएगा

55वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में ऑस्ट्रेलिया (Australia) "फोकस देश" (Country of Focus) रहेगा

भारतीय अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव:

स्थापना - 1952

उद्देश्य - दुनिया भर के फिल्मकारों को अपनी श्रेष्ठ फिल्में प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करना

इसका आयोजन प्रतिवर्ष भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय (Ministry of Information & Broadcasting) द्वारा गोवा सरकार की एंटरटेनमेंट सोसाइटी ऑफ गोवा के सहयोग से किया जाता है।

Q. 13: हाल ही में दाना तूफ़ान का नामकरण किस देश ने किया? Which country has named storm Dana recently?

a. ओमान

b. क़तर

c. सऊदी अरब

d. संयुक्त अरब अमीरात

Answer: b. क़तर

दाना शब्द का अर्थ – उदारता

Q. 14: हाल ही में एशियाई विकास बैंक का 69वां सदस्य देश कौन बना है? Recently, who has become the 69th member country of the Asian Development Bank?

a. सऊदी अरब

b. इजराइल

c. यूएई

d. कतर

Answer: b. इजराइल

हाल ही में इजराइल (Israel) एशियाई विकास बैंक (Asian Development Bank - ADB) का आधिकारिक रूप से 69वां सदस्य बन गया है

एशियाई विकास बैंक (ADB)

स्थापना - 1966

मुख्यालय (HQ) - मनीला, फिलिपींस (Manila, Philippines)

उद्देश्य: एशिया और प्रशांत क्षेत्र में सामाजिक और आर्थिक विकास को बढ़ावा देना (Promoting social and economic development in Asia and the Pacific region)

सदस्य देश - 69 देश (49 एशिया और प्रशांत क्षेत्र से और 20 गैर-क्षेत्रीय सदस्य)

Q. 15: हाल ही में संयुक्त राष्ट्र दिवस 2024 कब मनाया गया? Recently, when was United Nations Day 2024 celebrated?

a. 21 अक्टूबर

b. 22 अक्टूबर

c. 23 अक्टूबर

d. 24 अक्टूबर

Answer: d. 24 अक्टूबर

प्रतिवर्ष 24 अक्टूबर संयुक्त राष्ट्र दिवस (United Nations Day) के रूप में मनाया जाता है



यह 1945 में संयुक्त राष्ट्र (United Nations) की आधिकारिक स्थापना का प्रतीक है।

2024 की थीम: समावेशी विकास के लिए सतत समाधान (Sustainable Solutions for Inclusive Growth)

24 अक्टूबर 1948 को संयुक्त राष्ट्र दिवस पहली बार मनाया गया था

1971 में इसे संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाए जाने की घोषणा की गई थी

संयुक्त राष्ट्र का उद्देश्य: विश्व भर में शांति-सुरक्षा, मानवाधिकार, सामाजिक और आर्थिक विकास को सुनिश्चित करना

Q. 16: हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय हिम तेंदुआ दिवस 2024 कब मनाया गया? When was International Snow Leopard Day 2024 celebrated recently?

a. 21 अक्टूबर

b. 22 अक्टूबर

c. 23 अक्टूबर

d. 24 अक्टूबर

Answer: c. 23 अक्टूबर

2024 की थीम: भविष्य की पीढ़ियों के लिए हिम तेंदुओं के आवासों की सुरक्षा करना (Safeguarding Snow Leopard Habitats for Future Generations)

उद्देश्य: हिम तेंदुओं के संरक्षण और उनकी लुप्तप्राय स्थिति के बारे में जागरूकता बढ़ाना

Q. 17: हाल ही में किस बंदरगाह को भारत के 13वें प्रमुख बंदरगाह के रूप में मान्यता दी गई है? Recently, which port has been recognized as the 13th major port of India?

a. मुम्बई पोर्ट

b. चेन्नई पोर्ट

c. मेगा इंटरनेशनल कंटेनर ट्रांसशिपमेंट पोर्ट

d. कोलकाता पोर्ट

Answer: c. मेगा इंटरनेशनल कंटेनर ट्रांसशिपमेंट पोर्ट

हाल ही में बंगाल की खाड़ी (Bay of Bengal) में ग्रेट निकोबार द्वीप समूह (Great Nicobar Island) की गैलेथिया खाड़ी (Galathea Bay) में मेगा अंतर्राष्ट्रीय कंटेनर ट्रांसशिपमेंट पोर्ट (Mega International Container Transshipment Port - ICTP) को भारत के 13वें प्रमुख बंदरगाह (13th major por) के रूप में अधिसूचित किया गया है।

आज का सवाल

Q. वर्तमान में पश्चिम बंगाल के राज्यपाल कौन हैं?

For pdf,

Join telegram Channel

rwacurrentaffairs